कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)
e-mail:-nagarnigamrudrapur@gmail.com visit:-www.nagarnigamrudrapur.com
(दूरभाष– 05944–242400 फैक्स–05944–243316)

पत्रांक– मैमो /कर कक्ष/2022–23 दिनांक– 18-03-2023

## "ई–निविदा सूचना"

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि कार्यालय नगर निगम रूद्रपुर सीमान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के ट्रेड लाईसेंस नगर सेवा पोर्टल के माध्यम से व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में जाकर आवश्यक अभिलेख प्राप्त कर नवीनीकरण/बनवायें जाने हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| क्र सं | कार्य का नाम | निविदा की तिथियाँ | निविदा खोलने की तिथि व समय | जानकारी हेतु कक्ष/अनुभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ट्रेड लाईसेंस नगर सेवा पोर्टल के माध्यम नवीनीकरण / बनवायें जाने हेतु | दि0 20.03.23 के 11:00 AM बजे से दि0 03-04-23 के 11:30 AM बजे तक | दि0 03-04-23 के 12:00 PM बजे | कक्ष सं0 12 |

उपरोक्त ई–निविदायें http://uktenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदाओं की नियम व शर्त नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigamrudrapur.com पर भी देखी जा सकती हैं।

नगर आयुक्त
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

महापौर
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)
e-mail:-nagarnigamrudrapur@gmail.com visit:-www.nagarnigamrudrapur.com
(दूरभाष– 05944–242400 फैक्स–05944–243316)

पत्रांक:– मैमो /कर कक्ष/2022–23 दिनांक–18-03-2023

**प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु प्रेषित–**

1. कार्यालय जिलाधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
2. कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
3. कार्यालय मुख्य कोषाधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
4. सम्पादक **अमर उजाला** एवं **दैनिक जागरण** को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को अपने दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 20-3-23 **के अंक में न्यूनतम दरों में पठनीय भाग में प्रकाशित किये जाने एवं** उक्त समाचार पत्र की दो प्रतियों सहित बिल भुगतान हेतु इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।
5. श्री तपन कुमार राय, कनिष्ठ सहायक सह डा.इ.आ. को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त निविदा सूचना, निविदा शर्तें उत्तराखण्ड की वेबसाइट http://uktenders.gov.in व नगर निगम, रूद्रपुर की वेबसाइट www.nagarnigamrudrapur.com में अपलोड करना एवं निश्चित तिथि को निविदा कमेटी के समक्ष टैण्डर खोलना सुनिश्चित करें।
6. कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर ऊधमसिंह नगर के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।

नगर आयुक्त
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

# कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर

नगर निगम, रूद्रपुर सीमान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–2024 के ट्रेड लाईसेन्स नगर सेवा के पोर्टल के माध्यम से व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में जाकर आवश्यक अभिलेख प्राप्त कर नवीनीकरण/बनवाये जाने हेतु शर्ते निम्नवत् है:-

1. निविदा फार्म शुल्क रू0 1000+18% जी0एस0टी0 अलग से देय होगा, जो नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के नाम से ड्राफ्ट द्वारा देय होगा, जिसकी प्रति निविदा के साथ संलग्न करनी अनिवार्य होगी।
2. निविदादाता को निविदा के साथ 50,000.00 (रू0 पचास हजार मात्र) की धरोहर राशि वित्तीय निविदा में एफ0डी0आर0 नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के नाम बंधक करायी जानी होगी।
3. फर्म/कम्पनी का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन/पैन कार्ड का प्रमाण पत्र लगाया जाना अनिवार्य होगा।
4. फर्म/कम्पनी को लाईसेंस हेतु सरकारी/अर्द्धसरकारी विभागों से सम्बन्धी सर्वे के साथ डाटा एन्ट्री किये जाने का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
5. फर्म/निविदादाता का किसी प्रकार के वाद विवाद का निस्तारण ऊधमसिंह नगर जिले के न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में होगा।
6. उक्त कार्य हेतु कार्यरत कार्मिको को फोटो पहचान पत्र दिया जाना होगा जिसे निगम द्वारा निविदादाता के खर्च पर निर्गत किया जायेगा। अनुबन्ध समाप्त होने पर समस्त आई कार्ड निगम को वापस किया जाना अनिवार्य होगा। किसी भी दशा में उक्त पहचान पत्र का दुरूप्रयोग नहीं किया जायेगा।
7. उक्त कार्य को निर्धारित समय पर पूर्ण किया जाना आवश्यक होगा।
8. दुकानों/प्रतिष्ठानों से आवश्यक अभिलेख एकत्र कर निगम कार्यालय में नगर सेवा पोर्टल के माध्यम से नियमानुसार सभी अभिलेखों को अपलोड कर ट्रेड लाईसेंस बनाया जाना होगा।
9. किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर में निहित होगा।
10. सफल निविदादाता द्वारा जितने भी ट्रेड लाईसेंस बनाये गये है उनकी संख्या नाम एवं अन्य विवरण एकत्रित कर प्रत्येक माह की 05 तारीख तक नगर निगम रूद्रपुर कार्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा।
11. सफल निविदादाता द्वारा 31 मार्च तक समस्त ट्रेड लाईसेंस बनाये जाने अनिवार्य होंगे।
12. तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के प्रपत्र अलग–अलग लिफाफों में सील कर इन दोनों लिफाफों को एक अन्य बड़े लिफाफे में सील कर ऊपर सम्बन्धित कार्य की निविदा अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।

13. यदि कोई निविदादाता/फर्म "शून्य शुल्क" (निल चार्जेज) अंकित करता है तो वह निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

14. निविदादाता द्वारा ऑन लाईन डॉक्यूमेंट ही अपलोड किये जायेंगे। तथा ऑफ लाईन डॉक्यूमेंट में केवल निविदा शुल्क, एफ0डी0आर0 इत्यादि जमा कराये जायेंगे। जिसकी प्रतिलिपि ऑन लाईन डॉक्यूमेंट में भी अनिवार्य रूप से संलग्न की जानी होगी। समिति द्वारा ऑन लाईन डॉक्यूमेंट का परीक्षण किया जाऐगा।

15. ट्रेड लाईसेंस नियमावली का पालन करेंगे तथा समय-समय पर शासन द्वारा प्राप्त आदेशों का पालन करना होगा।

16. अपरिहार्य स्थिति में या आपदा की स्थिति में निविदा की अवधि बढाई जा सकती हैं।

17. निविदा स्वीकृत होने की स्थिति में निविदा की शर्तें भी अनुबन्ध का भाग होगी। उपरोक्त किसी शर्तों का यदि अनुबन्धकर्ता द्वारा उल्लंघन किया गया तो नगर निगम जमानत धनराशि जब्त करते हुए अनुबन्धकर्ता के विरूद्ध बेदखली की कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा। इस सम्बन्ध में नगर आयुक्त, नगर निगम द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा, जो अनुबन्धकर्ता को मान्य व स्वीकार होगा।

18. ई-निविदा की निर्धारित Key Dates निम्नानुसार हैः-

| S.No | Schedule/ Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of online publication | 20-3-23 | 11.00Am |
| 2 | Documents download start date | 20-3-23 | 11.00 Am |
| 3 | Bid submission start date | 20-3-23 | 11.00 Am |
| 4 | Bid submission End date | 03-4-23 | 11.30 Am |
| 5 | offline submission End Date of hard/original copy of documents Tender Fees, FDR, Affidevet only. | 03-4-23 | 11.30Am |
| 6 | Bid Opening Date | 03-4-23 | 12.00 PM |

(विशाल मिश्रा)
नगर आयुक्त
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

(रामपाल सिंह)
महापौर
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

जिन्दगी चुनों, तम्बाकू नहीं